## सार-समाचार

### मेले में उमड़ा जनसैलाब



**कपासन, (निसं)।** कपासन में श्री शनि महाराज आली के वार्षिक मेले का दूसरा दिन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। रंगमंच पर भजन संध्या और राजस्थानी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।भजन गायिका माया गुर्जर ने शनि देव के मेले जावा और शनिदेव के चांदी को छतर चढ़ाऊं ली जैसे भजन प्रस्तुत किए। भजन गायक महेंद्र अलबेला ने म्हारी सभा में रस बरसाओ और राम अब कभी वनवास नहीं जाएंगेबालाजी सहित कई भजनों से समां बांधा।राजस्थानी डांसर राखी रंगीली के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉमेडियन जोड़ी रमेश और हंसा रंगीली ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को हंसाया। दिल्ली के छेनी लाल एंड ग्रुप की ाांकियों ने सबका ध्यान खींचा। कार्यक्रम तड़के सवा तीन बजे तक चला।मेले में विशेष भीड़ देखी गई। मेला बाजार में रात दो बजे तक लोगों की खरीदारी जारी रही।

### आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन

**उदयपुर,(कासं)।** पेसिफिक मेडिकल विवि में कर्मचारियों के लिए रचनात्मक आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों के अंदर छुपी रचनात्मक ऊर्जा को सामने लाना था, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी सशक्त बनाना था। यह आयोजन पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के सहयोग से आयोजित किया गया, जो कला और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए जाना जाता है। कार्यशाला का उद्घाटन विवि के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों ने किया। इस अवसर पर पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के सी.एम.डी.आई. गोपाल माथुर व एएमएमडी ललित नैथानी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# कुंवारिया में पंचायत समिति की मांग को लेकर धरना रहा जारी

**राजसमन्द, (निसं)।** जिले में कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति की मांग को लेकर 25वें दिन भी धरना जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने मेल के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित करके अपनी मांग से अवगत कराया गया। कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर विगत पच्चीस दिन से भी अधिक समय से तहसील परिसर के बाहर धरना अनवरत रूप से जारी रहा।

सोमवार को कुंवारिया सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों व वरिष्ठ

**ग्रामीणों ने कहा कुंवारिया पंचायत समिति बनने से क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास**

कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन मेल के माध्यम से प्रेषित करके कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति बनाने की गुहार लगाई। क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री को मेल के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में बताया कि कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर आवाजाही की काफी अच्छी सुविधा हैं जिससे क्षेत्र के बीस से भी अधिक ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का सीधा जुडाव होगा जो आमजन के लिए काफी अधिक सुविधाजनक रहेगा। कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति नहीं बनाकर कुंवारिया से 15 किलोमीटर दूर प्रस्तावित पंचायत समिति मैं कुंवारिया को शामिल करने का निर्णय तर्कविहीन तथा आमजन के लिए अन्यायपूर्ण और जनविरोधी होना बताया। ग्रामीणों ने बताया कि कुंवारिया में पंचायत समिति बनेगी तो क्षेत्र के 95 राजस्व गांव तथा 20 से भी अधिक ग्राम पंचायतो को सीधा फायदा मिलेगा। कुंवारिया में फोरलेन, ब्रोडगेज, तहसील, पुलिस थाना, सीएचसी सहित मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध है ऐसे में कुंवारिया को प्राथमिकता से पंचायत समिति बनाना चाहिए। कुंवारिया के मेला परिसर में आवश्यक निर्माण भी उपलब्ध हैं ऐसे में पंचायत समिति के भवन निर्माण की भी तुरन्त आवश्यकता नहीं रहेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति का गठन करने की पुरजोर तरीके से मांग की गई। इस दौरान कुंवारिया ग्राम पंचायत प्रशासक ललित श्रीमाली, घाटी ग्राम पंचायत उपसरपंच विजय प्रकाश सनाढ्य, गिरिराज पालीवाल, अधिवक्ता महेश सेन, प्रकाश खटीक, मुकेश शर्मा, अजय प्रजापत, गोपाल पालीवाल, पारस सालवी, छीतरमल जाट, मनीष खटीक, चचंल सालवी, रतनलाल, विनोद कुमार, गिरिराज काबरा, महेन्द्र प्रजापत, रितिव सोमानी आदि मौजूद रहे।



कुंवारिया तहसील परिसर के बाहर पंचायत समिति की मांग को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण।

# अनियंत्रित कार खाई में गिरी, एक की मौत

**उदयपुर (कासं)** राजसमंद जिले खमनोर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक सडक हादसे में पिकनिक मनाकर लौट रहे भीलवाडा के युवकों की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य दो युवक मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे.162 ई पर सरसुनिया गांव के पास हुआ। भीलवाडा निवासी गौरव सोनी (24) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अहमद गंभीर घायल हो गया। अहमद को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया। वहीं चिराग और शिवम को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार भीलवाडा के आठ युवक दो कारों में सवार होकर खमनोर क्षेत्र के एक पिकनिक स्थल पर घूमने आए थे। पिकनिक मनाकर लौटते समय कार सड़क से नीचे खाई में गिर गई।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2025-26/709 **आम सूचना** दिनांक : 28/4/2025

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20–07–2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू–उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू–उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:–

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू–उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीलम जैन पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश जैन, श्रीमती ममता जैन पत्नी श्री किर्ती जैन, श्रीमती खुशबु जैन पत्नी श्री निखिल जैन | सवीना | 613 से 629 | 16 | 3600.00 वर्गफीट | खेडा सर्कल से सवीना जाने वाली 100 फीट सडक पर आकाश गंगा कॉम्पलेक्स के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू–उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। **सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**



**कार्यालय परियोजना अधिकारी, स्वच्छ परियोजना उदयपुर**

पुलिस अन्वेषण भवन के आगे, बड़ी रोड़ उदयपुर (राज.)

दुरभाष नं.9829111664, 9660226664 Email:udrswachpo@gmai.com

क्रमांक : एफ 1 ( )/प.अ./स्वच्छ/2025-26/ दिनांक:-

**:खुली-निविदा(बोली)निविदा सूचना संख्या 03/2025-26::**

UBN No.:SWP2526WSLB00033, SWP2526WSLB00034, SWP2526WSLB00035, SWP2526WSLB00037, SWP2526WSLB00038, SWP2526WSLB00039, SWP2526WSLB00040

जनजाति जनजाति क्षैत्रीय विकास विभाग के वित्तीय स्वीकृति से स्वच्छ परियोजना उदयपुर में आश्रम छात्रावासों एवं आवासीयविद्यालयों Repairing and Maintainance Of Toilet and Bathroom Work at TAD Girl Hostel Birothi, TAD Boy Hostel Daiya, TAD Boy Sports Hostel Khelgaon, TAD Boy Hostel Nalwa, TAD Girl Hostel Panarwa, TAD Boy Sport Hostel Sardarpura, TAD Girl Sport Hostel Madhuban में शौचालय एवं बाथरूम मरम्मत कार्य इस कार्यालय द्वारा करवाये जाने है। इस हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत संवेदको से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की खुली निविदा की प्रति दिनांक 28.04.2025 से 09.05.2025 तक वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। खुली निविदा के टेंडर डॉक्यूमेंट, स्टाम्प व डी.डी.(परियोजना अधिकारी, स्वच्छ परियोजना उदयपुर के पक्ष में) कार्यालय में हार्ड कॉपी में दिनांक 09.05.2025 दोपहर 2.00 बजे तक जमा लिये जाकर तकनीकी निविदाएं दिनांक 09.05.2025 दोपहर 4.00 बजे से खोली जायेगी। उक्त ई-निविदाओं की जानकारी नियम एवं शर्तें इत्यादि वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in तथा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**परियोजना अधिकारी**


# समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग पर करें विशेष फोकस : डॉ. यादव

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान आजीविका परिषद की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में हुई। डॉ. यादव ने जिले में आजीविका के तहत संचालित स्वयं सहायता समूहों और उनके द्वारा संपादित की जा रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा कर निर्देश दिए।

डॉ यादव ने संबंधिक अधिकारियों को समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने और पारिवारिक तथा ग्रामीण खुशहाली लाए जाने की दिशा में संचालित किए जा रहे प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करनें के निर्देष देते हुए कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई या कोताही नहीं बरती जाए। कलक्टर ने समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि इन उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने तथा इनके कारोबार को और अधिक समृद्ध बनाने में हरसंभव मदद करें। बैठक में परिषद की विभिन्न गतिविधियों और ब्लॉकवार एसएचजी के बारे में समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना एवं आजीविका गतिविधियों के मासिक कैलेंडर पर चर्चा, समूह गठन एवं परिवारों का समूह में जुड़ाव 20 सूत्री बिन्दु समूह बचत खाता खोलने की प्रगति, टी1 एवं टी के प्रस्तावों पर चर्चा 20 सूत्री बिन्दु क्लस्टर संगठन के रिपेमेन्ट, वीओ स्टार्टअप फन्ड, सीएलएफ कट ऑफ एन्ट्री, समूह बैंक लिंकेज, लखपति दीदी योजना, सोलर दीदी योजना, एफपीओ, पीजी के प्रगति, फार्म एवं नॉन फॉर्म गतिविधियों, राजनीर, आम अचार, पापड, जामुन प्रसंस्करण, शहद, पत्तल दोना, प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग, हस्तशिल्प, हाट बाजार, नर्सरी निर्माण, मोरिगा, कड़कनाथ, मत्स्य, ट्राइबल टूरिज्म, बकरी पालन, मुर्गी पालन इत्यादि अन्नपूर्णा रसोई के संचालन, वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट, स्कील एवं अन्य प्रशिक्षण, राजीविका के कार्यालय, क्लस्टर संगठन कार्यालय, वनधन के कार्यालय के लिये राजकीय भवन आवंटन आदि विषयों पर चर्चा कर समीक्षा की गई।

# हथिनी रामू के उपचार का लिया जायजा

**उदयपुर, (कासं)।** उपचाररत बीमार हथिनी रामू की हालत स्थिर बनी हुई है। मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एसआर यादव ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप वन संरक्षक वन्यजीव उदयपुर सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि आवरी माता मन्दिर परिसर, सेन्ट्रल एरिया, रेतीस्टेण्ड मे उपचाररत हथिनी "रामू" को लगातार उपचार दिया जा रहा है। लगभग 50 लीटर ड्रिप से उसे फ्लूड थैरेपी के साथ आवश्यक दवाएं दी जा रही है।

## दो की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** संभाग के बांसवाडा जिले के दानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर निर्माणाधीन मकान में खेलते समय सीमेंट के कट्टों के नीचे दबने से दो मासूमों की मौत हो गई। परिजन तत्काल बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

दानपुर थाना प्रभारी राजवीर सिंह के अनुसार हादसा छायन बडी ग्राम पंचायत के कदवाली गांव में दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मृतकों की पहचान विक्रम (9) पुत्र गोपाल राणा और शीतल (9) पुत्री कनेश निनामा के रूप में हुई है। दोनों आपस में पडोसी थे और घर के पास ही निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में खेल रहे थे।

जानकारी के अनुसार खेलते समय कमरे में रखे सीमेंट के कट्टे अचानक बच्चों पर गिर गए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर परिजन मौके पर दौडे और बच्चों को तुरंत कट्टों के नीचे से निकालकर महात्मा गांधी अस्पताल, बांसवाडा लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# जल व स्वच्छता मिशन की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु जिला कलेक्टर नामित मेहता के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर मेहता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में आजमन हेतु पेयजल की बेहतर व्यवस्थाएं बनाएं, पेयजल संबंधित मामलों में अव्यवस्था और कौताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं है, आमजन पानी के लिए परेशान नहीं होने चाहिए क्योंकि पानी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के कंटीन्जेंसीज कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न ब्लॉक में बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी लेते हुए तथा सर्वे करते हुए उनका चिन्हीकरण करें तथा हर हाल में मई के पहले सप्ताह तक बंद पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त करवाएं। साथ ही जिन ब्लॉक में ट्यूबवेल की भी मरम्मत की आवश्यकता है वहां भी प्राथमिकता से कार्य हो। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता बरतें, आमजन को पेयजल से जुड़ी समस्याओं से राहत देने हेतु हर संभव प्रयास करें। सरकार पेयजल को लेकर गंभीर है ऐसे में जमीन स्तर पर अधिकारी संवेदनशीलता बरतें तथा राहत देने का हर संभव प्रयास करें।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर मेहता ने जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अपेक्षित प्रगति से पिछड़ रहे ब्लॉक में विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रगति सुनिश्चित करें। विद्यालय तथा आंगनबाड़ियों में पेयजल कनेक्शन की स्थिति जानते हुए उन्होंने कहा कि यहां प्राथमिकता से कार्य हो। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्रों में भी पेयजल कनेक्शन की स्थिति जानी तथा निर्धारित टाइमलाइन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

# प्रसार भारती अध्यक्ष सहगल ने किया आकाशवाणी उदयपुर का निरीक्षण

**उदयपुर, (निसं)।** प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल द्वारा आज सोमवार को आकाशवाणी उदयपुर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सहगल ने माननीय प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये वैश्विक अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत आकाशवाणी, उदयपुर परिसर में पौधारोपण भी किया।

आकाशवाणी उदयपुर में वार्ता के दौरान नवनीत कुमार सहगल ने बताया कि हमारा प्रयास सही जानकारी सही समय पर श्रोताओ तक पहुचाना हैं। इसके लिये दूरदर्शन की फ्री डिश एवं प्लेटफार्म पर एप हमारा नवाचार है जो की श्रोताओं को हिन्दी, अठोजी व स्थानीय भाषाओं में मनोरंजन एवं जानकारी उपलब्ध करवाता हैं। ये दोनो ही फ्री डिश और एप श्रोताओ के लिय निशुल्क उपलब्ध हैं।केन्द्र के निरिक्षण के दौरान श्री सहगल ने यह भी बताया कि के माध्यम से राष्ट्रीय प्रसारक (प्रसार भारती) की व्ज्ज् प्लेटफार्म पर पहली एन्ट्री है। इस प्लेटफार्म पर दृष्य श्रव्य माध्यमो का अनुठा मिश्रण उपलब्ध है। टेलिविजन के स्व्वणिम काल के धारावाहिक बुनियाद, हम लोग, फौजी, रामायण, महाभारत इस पर निशुल्क देखे जा सकते है। को प्लेटफार्म पर मनोरंजन की दुनिया में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है इसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध कार्यक्रम एवं पुरानी फिल्में उपलब्ध है। इसे मोबाइल पर और एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह पारिवारिक मनोरजंन के लिये तैयार किया गया है। इसकी टेग लाईन है- "फेमेली एन्टरटेन्ट की नयी लहर"।

श्री सहगल ने निरीक्षण के दौरान आकाशवाणी उदयपुर एवं जोधपरु क्लस्टर के केन्द्राध्यक्ष एवं उप महानिदेशक श्री राजेन्द्र नाहर से आकाशवाणी जोधपुर क्लस्टर के तहत राज्य के पश्चिमी एवं दक्षिण अंचल में कार्यरत आकाशवाणी के समस्त सोलह केन्द्रों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही इन केन्द्रों द्वारा लोक प्रसारक के रूप में उत्कृष्ट सेवाए दिये जाने के लिये किये जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। नाहर ने प्रसार भारती अध्यक्ष को आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रोंपर अधिकारियों एवं कार्मिकों की अत्यंत कमी की समस्या से भी अवगत कराया। प्रसार भारती अध्यक्ष के आकाशवाणी उदयपुर दौरे के दौरान नाहर ने राजस्थानी साफा पहनाकर सहगल का स्वागत किया। आकाशवाणी उदयपुर के निदेशक (अभि.)रवीन्द्र डूँगरवाल ने श्री सहगल का स्वागत कर पुष्प गुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम प्रमुख श्री विनोद कुमार शर्मा ने उपरणा ओढाकर व सहायक निदेशक (अभि.) निर्मल पुरोहित व सहायक अभियंता डी.एस. मेवाड़ा ने शाल ओढाकर बहुमान किया।



प्रसार भारती अध्यक्ष सहगल ने किया आकाशवाणी उदयपुर का निरीक्षण किया।


प्ररूप-5

(नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी)**
**नगर पालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/ न.पा.क./भूमि/2025-26/273 दिनांक: 28-04-2025

**-: उजरदारी सूचना :-**

निम्न आवेदको ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रामकन्या देवी पत्नी श्री औंकार लाल कुम्हार | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | ब्रह्मपुरी वार्ड.16 कपासन | - | 37.62 वर्गमीटर |
| 2. | श्री भैरूलाल पिता श्री धन्ना जटिया | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | कैलाश टाकिज के पास धमाणा रोड कपासन | - | 253.09 वर्गमीटर |
| 3. | श्री गौरव चण्डालिया (जैन) पिता श्री विनोद कुमार | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | चण्डालिया मौहल्ला वार्ड नं. 15 कपासन | - | 60.23 वर्गमीटर |
| 4. | श्री सैयद आरिफ अली पिता श्री सैयद इकबाल अली | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | धामाजी के चबुतरे के पास पुर्बिया मौहल्ला वार्ड नं. 25 कपासन | - | 50.49 वर्गमीटर |
| 5. | श्री विरेन्द्र कुमार, श्री राजेन्द्र कुमार पिता स्व.श्री बद्री लाल तिवाडी | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | चोटिया भैरूजी के के पास वार्ड नं. 20 कपासन | - | 136.09 वर्गमीटर |
| 6. | श्री विरेन्द्र कुमार, श्री राजेन्द्र कुमार पिता स्व.श्री बद्री लाल तिवाडी | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | चोटिया भैरूजी के के पास वार्ड नं. 20 कपासन | - | 146.67 वर्गमीटर |
| 7. | श्री कमल भंसाली पिता श्री धर्मीचन्द भंसाली | जिला:चित्तौड़गढ़ नगर:कपासन | उपाध्याय मौहल्ला वार्ड नं. 10 कपासन | - | 145.67 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन/राजस्थान स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961/ नगरीय भूमि निस्तारण नियम-1974 के तहत पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24/4/2025 को जारी की गयी।

**(ललित सिंह देथा)**
**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, कपासन**